प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

विंटर कार्निवाल

मनाली का राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल आज से शुरू हो रहा है। 24 जनवरी तक चलने वाले इस कार्निवाल का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू माता हिडिंबा मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के साथ करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्निवाल में निकाली जाने वाली झांकियों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। मनाली के इस राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल में जिले की पारंपरिक संस्कृति, व्यंजन, महिला मंडलों की नाटी व देश विदेश से पहुंचे कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहती हैं। इस बीच मुख्यमंत्री मनाली में करीब 63 करोड़ 55 लाख रूपए की योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगे।

भाजपा—नया अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष, नितिन नबीन पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे। पार्टी के नेशनल रिटर्निंग अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल नितिन नबीन का नाम प्रस्तावित किया गया है। हालांकि, उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने की औपचारिक घोषणा आज की जाएगी।

कैबिनेट

प्रदेश में उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार 30 अप्रैल से पहले पंचायत व स्थानीय निकाय चुनाव करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में अनौपचारिक चर्चा के बाद मुख्यमंत्री ने विभाग को चुनाव के लिए तैयारियां पूरी करने को कहा है। बैठक के बाद मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी देते हुए संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने ये जानकारी दी।

कैबिनेट में चर्चा हुई अनऑफिशियल, कोई एजेंडा नहीं था ये। चीफ मिनिस्टर हैज़ क्लीयरी सैड कि पंचायत चुनाव जो है अप्रैल की जो डैडलाईन है उससे पहले पंचायती चुनाव हो जाएंगे और मुख्यमंत्री ने जो आरडी मिनिस्टर हैं को भी कहा है कि जो भी औपचारिकताएं हैं या चुनाव से संबंधित हैं वह डिपार्टमेंट में पूरी करे। पंचायत चुनाव 30 से पहले हो जाएंगे, एज़ पर द डायरेक्शन ऑफ द हाईकोर्ट।

गणतंत्र दिवस

26 जवनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली 77वीं गणतंत्र दिवस परेड के लिए लगभग 10 हजार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें आय और रोजगार सृजन में उल्लेखनीय कार्य करने वाले, सर्वश्रेष्ठ नवप्रवर्तक, स्टार्टअप, स्वयं सहायता समूह और विभिन्न सरकारी पहलों के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोग शामिल हैं।

भारत नेट

केंद्र सरकार का संशोधित भारत नेट प्रोजेक्ट ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में सुदृढ़ दूरसंचार व्यवस्था स्थापित करने में मील पत्थर साबित होगा। दूरसंचार विभाग के हिमाचल प्रदेश में लाइसेंस सेवा क्षेत्र के अपर महानिदेशक अनिल कुमार गुप्ता ने धर्मशाला में बताया कि प्रोजेक्ट के तहत फाईबर से प्रदेश की सभी पंचायतों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धर्मशाला वाणिज्य क्षेत्र के तहत कांगड़ा व चंबा जिलों के दुर्गम क्षेत्रों को भी इस प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है। अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि इन जिलों की कुल एक हजार एक सौ 23 ग्राम पंचायतें भारत नेट परियोजना के तहत जुड़ेंगी।

हैपेटाइटिस–बी

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा के स्टाफ को हैपेटाइटिस–बी नामक बीमारी से बचाने के लिए टीके लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मेडिकल कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर पंकज गुप्ता ने बताया कि हैपेटाइटिस–बी को काला पीलिया कहते हैं जो एक गंभीर लिवर इन्फेक्शन है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का अधिकतर खतरा स्वास्थ्य कर्मियों को अधिक रहता है जिसके चलते वैक्सीनेशन लगाने का निर्णय लिया गया है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में साफ मौसम के बावजूद कई स्थानों पर रात का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सैल्सियस से कम दर्ज किया जा रहा है। लंबे समय से बारिश न होने के चलते सूखे का दौर जारी है जिससे किसान–बागवान की फसलें खराब होने की कगार पर है जबकि कुछ स्थानों पर पेयजल समस्या भी सामने आ रही हैं।